पत्र सूचना **कार्यालय**

भारत सरकार

*****

शिक्षा मंत्रालय हिन्दी पखवाड़े के अंतर्गत कल **'हिन्दी का सौंदर्य'** विषय पर वेबिनार आयोजित करेगा

नई दिल्ली

16 सितम्बर, 2020

शिक्षा मंत्रालय द्वारा दिनांक 8 से 25 सितंबर, 2020 के दौरान "शिक्षक पर्व" का आयोजन किया जा रहा है। इसी दौरान मंत्रालय में 'हिन्दी दिवस' के अवसर पर 8 - 22 सितंबर, 2020 तक 'हिन्दी पखवाड़े' का भी आयोजन किया जा रहा है। मंत्रालय के दोनों विभागों -उच्चतर शिक्षा विभाग तथा स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग के अधिकारियों/कर्मचारियों के लिए हिन्दी की विभिन्न प्रतियोगिताएं तथा हिन्दी कार्यशाला आदि का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में दिनांक 17 सितंबर, 2020 को **'हिन्दी का सौंदर्य'** विषय पर एक चर्चा का आयोजन वेबिनार के माध्यम से होगा।

इस चर्चा का संचालन शिक्षा मंत्रालय की निदेशक (रा.भा.), श्रीमती सुनीति शर्मा द्वारा किया जाएगा। चर्चा में वक्ता के रूप में प्रो. गिरीश्वर मिश्र, पूर्व कुलपति, महात्मा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हिन्दी विश्विवद्यालय, वर्धा, श्री प्रेम सिंह, पूर्व संयुक्त निदेशक (रा.भा.) तथा प्रो. उषा शर्मा, समन्वयक, समग्र शाला भाषा कार्यक्रम, एनसीईआरटी सम्मिलित रहेंगे। इसे मंत्रालय की वेबसाइट पर https://webcast.gov.in/mhrd/shikshaparv लिंक पर लाइव देखा जा सकता है।

*****

मौच/अकुजै/आक